शनिवार

12 अगस्त, 2023



# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




जनता ने तय कर दिया है कि नीतीश की विदाई कर के ही दम लेंगे : चिराग

2



### अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता में सुधार के लिए पेश किया तीन विधेयक

# नाबालिग से रेप पर होगी मौत की सजा

- अंग्रेजों के समय से चले आ रहे तीनों कानून बदल जाएंगे और देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में होगा बड़ा बदलाव
- विधयकों के कानून बनने के साथ ही खत्म हो जाएगा राजद्रोह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मॉनसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य विधेयक और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में सुधार के लिए तीन विधेयक पेश किए। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि 1860 से 2023 तक देश की आपराधिक न्याय प्रणाली अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों के अनुसार कार्य करती रही। अब अंग्रेजों के समय से चले आ रहे तीनों कानून बदल जाएंगे और देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव होगा। शाह ने जिन विधयकों को पेश किया, उनके कानून बनने के साथ ही राजद्रोह खत्म हो जाएगा। इसके अलावा इसमें मॉब लिंचिंग, महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में भी तमाम बदलाव किए गए हैं।



## मॉब लिंचिंग में मौत तक की सजा का प्रावधान

नए विधेयक में मॉब लिंचिंग को हत्या की परिभाषा में जोड़ा गया है। जब 5 या 5 से अधिक लोगों का एक समूह एक साथ मिलकर नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य आधार पर हत्या करता है, तो ऐसे समूह के हर सदस्य को मौत या कारावास से दंडित किया जाएगा। इसमें न्यूनतम सजा 7 साल और अधिकतम मौत की सजा का प्रावधान किया गया है।

## नए कानून बनने से 533 धाराएं खत्म होंगी

अमित शाह ने बताया कि नए कानून बनने से 533 धाराएं खत्म होंगी। 133 नई धारा शामिल की गई हैं। 9 धारा को बदला गया है। इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, एसएमएस, लोकेशन साक्ष्य, ईमेल आदि सबकी कानूनी वैधता होगी।

## गैंग रेप के सभी मामलों में होगी 20 साल की सजा

अमित शाह ने बताया नए कानूनों में हमने महिलाओं के प्रति अपराध और सामाजिक समस्याओं के निपटान के लिए ढेर सारे प्रावधान किए हैं। गैंग रेप के सभी मामलों में 20 साल की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है, 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के मामले में मृत्युदंड का प्रावधान भी किया गया है। गलत पहचान बताकर यौन संबंध बनाने वाले को अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

## आरोपी की अनुपस्थिति में चलेगा ट्रायल और सजा

शाह ने बताया कि हमने एक बहुत ऐतिहासिक फैसला किया है, वो है आरोपी की अनुपस्थिति में ट्रायल। उन्होंने बताया कि अभी कई केसों में दाऊद इब्राहिम वांटेड है, वो देश छोड़कर भाग गया। ऐसे में केसों का ट्रायल नहीं चल पा रहा है। अब सेशन कोर्ट के जज जिसे भगोड़ा घोषित करेंगे, उसकी अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और सजा भी सुनाई जाएगी।

## हेट स्पीच पर भी सजा

अगर कोई व्यक्ति हेट स्पीच देता है, तो ऐसे मामले में तीन साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कोई धार्मिक आयोजन कर किसी वर्ग, श्रेणी या अन्य धर्म के खिलाफ भड़काऊ स्पीच दी जाती है, तो 5 साल की सजा का प्रावधान होगा।

## सभी कोर्ट ऑनलाइन होंगी

2027 तक सभी कोर्ट ऑनलाइन होंगी। जीरो एफआईआर कहीं से भी रजिस्टर की जा सकती है। किसी की गिरफ्तारी पर उसके परिवार को तुरंत सूचित करना होगा। जांच 180 दिन में समाप्त कर ट्रायल के लिए भेजना होगा।

## एनएचएआई ने टोल नियमों का उल्लंघन कर यात्रियों से वसूले 154 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सीएजी ने अपनी हाल की एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि टोल पर किस तरह से लूट हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल नियमों को लागू न करने से न केवल राजमार्ग प्राधिकरण को ही नुकसान हुआ, बल्कि कुछ मामलों में यात्रियों को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ी है। सीएजी ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा कि दो मामलों में एनएचएआई ने टोल नियमों का उल्लंघन कर यात्रियों से 154 करोड़ रुपये वसूले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा फोर लेन राजमार्गों के के एनएच शुल्क संशोधन नियमों को लागू न करने से एनएचएआई ने देरी से अवधि के दौरान तीन टोल प्लाजा नाथावलासा, चलागेरी, हेब्बालु पर उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र करना जारी रखा। हालांकि संशोधित नियम देरी से अवधि के दौरान कोई टोल नहीं देने का प्रावधान करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, सड़क उपयोगकर्ताओं ने शुल्क का भुगतान करना जारी रखा। इसके परिणामस्वरूप संशोधित टोल शुल्क नियमों का उल्लंघन करते हुए मई 2020 से मार्च 2021 के दौरान 124.18 करोड़ रुपये का शुल्क एकत्र किया गया है।

# केदारनाथ जाने वाली सड़क पर चट्टान का मलबा गिरा, मार्ग बंद



**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तराखंड में मानसून के साथ आई बारिश ने आफत मचा रखी है. एक ओर जहां पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, वहीं कुछ जगहों पर भूस्खलन होने के कारण सड़कों पर मलबा जमा हो गया है। जिससे आम जनजीवन काफी त्रस्त हो गया है, वहीं आने-जाने वालों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में केदारनाथ धाम की ओर जाने वाली सड़क पर चट्टान का मलबा गिरने से रास्ता बंद हो गया है।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में चौकी फाटा के अंतर्गत तरसाली के पास पहाड़ी से चट्टानें और मलबा सड़क पर गिर गया है। जिसके चलते केदारनाथ धाम की ओर जाने वाला गुप्तकाशी-गौरीकुंड राजमार्ग यातायात के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है। बताया जा रहा है कि इसके चलते करीब 60 मीटर लंबी सड़क को नुकसान पहुंचा है। वहीं सड़क पर काफी बड़ी चट्टान गिरने से रास्ता बंद हो गया है।

इस भूस्खलन की जानकारी मिलते ही आपदा प्रबंधन की ओर से सड़क की मरम्मत के साथ ही मलबे को हटाने का काम किया जा रहा है। वहीं प्रशासन का कहना है कि सड़क पर मलबा गिरने के कारण जवाड़ी और तिलवाड़ा पुलिस चौकियों से यात्रियों को मार्ग बाधित होने की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों को सुरक्षित जगह पर रुकने की सलाह भी दी गई है।

# मणिपुर में महीनों से आग लगी है, पीएम मोदी सदन में हंस रहे थे, चुटकुले सुना रहे थेः राहुल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कल पीएम मोदी ने संसद में 2 घंटे 13 मिनट तक भाषण दिया जिसके अंत में दो मिनट मणिपुर की बात की। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में महीनों से आग लगी हुई है, हत्या और बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। प्रधानमंत्री सदन में हंस रहे थे, चुटकुले सुना रहे थे। ये उनको शोभा नहीं देता। विषय कांग्रेस या मैं नहीं था, मणिपुर था।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में यूं ही नहीं कह दिया कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने भारत माता की हत्या की कर दी। मणिपुर में हमें मैतई इलाके में कहा गया कि आपकी सुरक्षा टीम में अगर कोई कुकी आया तो उसकी हत्या कर देंगे, यही बात कुकी इलाके में मैतई के लिए कहा गया। राज्य की हत्या कर उसे बांट दिया गया है। इसीलिए मैंने कहा कि बीजेपी ने मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या कर दी।

## सेना दो दिनों में सब रोक सकती है

कांग्रेस सांसद ने कहा कि पीएम जा नहीं सकते तो कम से कम बोलें तो सही। भारतीय सेना इस नाटक को 2 दिनों में रोक सकती है लेकिन पीएम मणिपुर को जलाना चाहते हैं और आग बुझाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा,19 साल के अनुभव में, मैंने मणिपुर में जो देखा और सुना, वह कभी नहीं देखा. संसद में जो मैंने कहा कि वो खोखले शब्द नहीं हैं।

# बदतमीजी-मारपीट पर मरीजों के इलाज से मना कर सकेंगे डॉक्टर

- नेशनल मेडिकल कमीशन ने डॉक्टरों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए जारी किया नोटिफिकेशन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

डॉक्टरों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कहा गया कि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स उन मरीजों या रिश्तेदारों का इलाज करने से इनकार कर सकते हैं, जो डॉक्टरों के साथ गाली-गलौज, मारपीट व हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं। मरीजों के प्रति




आरएमपी के कर्तव्यों के तहत नोटिफिकेशन में कहा गया है कि रोगी की देखभाल करने वाला आरएमपी अपने काम के लिए पूरी तरह से जवाबदेह होगा और उचित फीस का हकदार होगा। अपमानजनक, अनियंत्रित और हिंसक रोगियों या रिश्तेदारों के मामले में, आरएमपी उनके व्यवहार के बारे में लिख सकता है और रिपोर्ट कर सकता है और रोगी का इलाज करने से इनकार कर सकता है। ऐसे मरीजों को आगे के इलाज के लिए कहीं और रेफर किया जाना चाहिए। ये नए नियम मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) के मेडिकल एथिक्स कोड 2002 को रिप्लेस करेंगे। यह पहली बार है जब डॉक्टरों को अनियंत्रित और हिंसक मरीजों का इलाज करने से इनकार करने का अधिकार होगा। इस कदम का उद्देश्य डॉक्टरों के खिलाफ होने वाली हिंसा को रोकना है।

**मेडिकल केस चुनने के लिए स्वतंत्रः** नोटिफिकेशन में कहा गया है कि आरएमपी यह चुनने के लिए स्वतंत्र है कि वह किसे सेवा देगा। हालांकि, जानलेवा इमरजेंसी के मामलों को छोड़कर, किसी मेडिकल केस को लेने के बाद, आरएमपी को मरीज की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए और न ही मरीज और उसके परिवार को पर्याप्त नोटिस दिए बिना केस से हटना चाहिए। अगर आरएमपी में बदलाव की जरूरत है (उदाहरण के लिए, रोगी को किसी और आरएमपी से प्रोसीजर कराने की जरूरत है) तो इसकी सहमति स्वयं रोगी या उसके अभिभावकों से ली जानी चाहिए।

**डॉक्टर नहीं ले सकते किसी से ये सुविधाएंः** नॉटिफिकेशन में आरएमपी के कर्तव्यों के तहत यह भी उल्लेख किया गया है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से कोई उपहार, ट्रेवल सर्विस आदि नहीं ले सकते हैं। आरएमपी के सैलरी या पारिश्रमिक के अधिकार के तहत नॉटिफिकेशन में कहा गया है कि रोगी की जांच या उपचार से पहले परामर्श शुल्क/ कंसल्टेशन फीस की जानकारी रोगी को दी जानी चाहिए।


जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को

आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines

Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team

R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

**विश्वामित्र हॉस्पीटल** गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**विश्वामित्र हॉस्पीटल**

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,


## पटना में दिनदहाड़े अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**पटना।** पटना में दिनदहाड़े अपराधियों ने युवक को गोली मार दी। उसकी हालत गंभीर है। बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया दिया गया है। घटना पटना के फतुहा इलाके की है। शुक्रवार सुबह युवक फतुहा स्टेशन रोड के पास से युवक गुजर रहा था। इसी बीच अपराधी आए और युवक पर गोलीबारी करने लगे। अचानक एक गोली युवक के कंधे में लगी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। युवक को मरा हुआ समझ अपराधी वहां से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। आननफानन में लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए फतुहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए पटना के पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया है।

**मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा:** पुलिस के अनुसार, मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। युवक से पूछताछ के बाद ही सारी बात स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी की मदद से अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। घायल युवक की पहचान फतुहा इलाके के करौटा गांव निवासी मो. चांद के रूप में हुई। परिजनों ने बताया वह सुबह टहलने निकला था, इसी दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी।

### सीएम ने कसा तंज... विपक्षी एकता से घबरा गए हैं पीएम मोदी

# कई दल डर की वजह से एनडीए में हैं चुनाव आते ही बदलेंगे पाला: नीतीश

- कहा, काम कुछ नहीं हो रहा खाली प्रचार हो रहा है
- अब चीजों का सिर्फ एक ही पक्ष दिखाया जाता है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री और विपक्षी गठबंधन की अगुवाई करनेवाले नेता नीतीश कुमार ने बीजेपी पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने पीएम मोदी पर भी तंज कसते हुए कहा कि वह विपक्षी एकता से घबरा गए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि कई दल डर की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए में हैं। चुनाव से ठीक पहले वो महागठबंधन के साथ आ जाएंगे और इसी वजह से बीजेपी को टेंशन हो रहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि काम कुछ नहीं हो रहा है खाली प्रचार हो रहा है। उन्होंने मणिपुर का नाम लिए बगैर कहा कि जहां घटनाएं हुईं उन जगहों पर कोई बयान नहीं आया। उन्होंने पीएम का नाम लिए बगैर कहा कि सदन चल रहा है और आप बाहर घूम रहे हैं। नीतीश कुमार ने सवालिया लहजे में कहा-' क्या पहले ऐसा होता था?.. अब चीजों का सिर्फ एक ही पक्ष दिखाया जाता है... बाकी लोग जो कहते हैं वो सामने नहीं आता... अपनी बात रखना विपक्ष का अधिकार है और वो ऐसा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'घमंडिया' तंज के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, हम सभी ने देश की भलाई के लिए हाथ मिलाया है। उन्हें (भाजपा) पता नहीं है कि कई पार्टियां, जिनका मैं अभी नाम नहीं लूंगा, डर के कारण उनके साथ हैं। चुनाव की घोषणा होने पर वे इस ओर आएंगी। बीजेपी से एक साल पहले नाता तोड़ने वाले नीतीश कुमार ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के पहले दो दिनों के दौरान संसद से मोदी की अनुपस्थिति पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। कहा, सदन का सत्र चल रहा है और लोग घूमते रहते हैं। ये वो समय नहीं है, जब अटल बिहारी वाजपेयी सत्ता में हुआ करते थे और मैं उनके मंत्रियों में से एक था। हम इसका ध्यान रखते थे कि हम सदन में रहें और कार्यवाही पर ध्यान दें।

सीएम नीतीश कुमार ने वाजपेयी को याद करते हुए कहा- उनके प्रति मेरे मन में हमेशा अपार सम्मान रहेगा। उन्होंने बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व पर 'अन्य प्राथमिकताएं रखने' का आरोप लगाया और बिहार को विशेष दर्जा देने से इनकार करने एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का श्रेय लेने के कथित प्रयासों की शिकायत की। आरोप लगाया, हमने ही हर घर में पाइप से पानी पहुंचाया और हर गांव में बिजली पहुंचाई लेकिन वे इसे अपनी उपलब्धियों के रूप में पेश करना चाहते हैं।

### जनता ने तय कर दिया है कि नीतीश की विदाई कर के ही दम लेंगे: चिराग

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जमुई सांसद चिराग पासवान शुक्रवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में चिराग पासवान बिहार के मुख्यमंत्री पर खूब बरसे। सीएम नीतीश ने शुक्रवार को ही चिराग का नाम लिए बिना एजेंट बताया है। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए जमुई सांसद ने कहा कि 'चिराग मॉडल' जन भावनाओं का प्रतिबिंब था। भले मुख्यमंत्री अपने आप को दिलासा देने के लिए किसी का एजेंट मुझे बता दें, लेकिन वह जानते हैं कि उनकी गलत नीतियों की वजह से ये तीसरे नंबर की पार्टी बनी है। बिहार की जनता ने तय कर दिया



है कि अब नीतीश कुमार की विदाई कर के ही दम लेंगे। सीएम नीतीश के विशेष राज्य के दर्जे वाले बयान पर भी चिराग पासवान ने प्रतिक्रिया दी। सवाल उठाए। कहा कि सीएम नीतीश कितने गंभीर हैं विशेष राज्य के दर्जे के लिए? कई बार नीति आयोग की बैठक हुई, लेकिन प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत विरोध की वजह से बैठक में नहीं गए। वहां एक औपचारिक मंच था जहां पर विशेष राज्य के दर्जे की आप मांग कर सकते थे।

चिराग ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी अगर किसी राज्य को विशेष राज्य के दर्जे की मांग करनी पड़े तो ये उस राज्य के नेतृत्व की गलत नीतियों को दर्शाता है। 33 साल से इन लोगों ने क्या किया जो आज भी बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग करनी पड़ रही है?

## आदेश... बिहार के सभी महादलित टोलों में हर साल होगा झंडोत्तोलन का कार्यक्रम

**पटना।** बिहार के सभी महादलित टोलों में हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम होगा. इस बार से सरकार प्रति गांव 1 हजार रू खर्च करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी डीएम को पत्र लिखा है। स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के सभी महादलित गांवों में झंडोत्तोलन एवं विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे. इस संबंध में सरकार ने एक बार फिर से सभी जिलाधिकारी को आदेश दिया है।

वैसे तो 2011 से ही 15 अगस्त और 26 जनवरी को सभी महादलित टोलों में झंडोत्तोलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। 2016 में इस व्यवस्था को स्थाई रूप से रखने के लिए सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया गया था, ताकि वे प्रत्येक वर्ष इन समारोह के आयोजन के लिए निर्देश की प्रतीक्षा नहीं करें। समारोह आयोजित करने को लेकर 2011 में ही सरकार के स्तर से दिशा निर्देश जारी किए गए थे। तब एक गांव में समारोह के लिए 500 खर्च करने को कहा गया था। अब एक गांव के समारोह में 1000 रू खर्च किए जायेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि बिना शिथिलता बरते हुए महादलित गांव में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह पर महादलित टोलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

## एक नजर

### फ्लाइंग किस देना होगा तो राहुल किसी लड़की को देंगे, 50 साल की बूढ़ी को क्यों देंगे: नीतू सिंह

**पटना।** राहुल गांधी और फ्लाइंग किस विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार भाजपा नेता उनपर हमला बोल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के आरोप पर बिहार की एक महिला विधायक ने अजीबोगरीब बयान दिया है। कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का यह बयान अब चर्चा में है। उन्होंने कहा कि कोई फ्लाइंग किस का मामला नहीं है। राहुल जी को लड़की की कमी नहीं है, अगर फ्लाइंग किस देना ही होगा तो किसी लड़की को देंगे, 50 साल की बूढ़ी को क्यों देंगे। नीतू सिंह ने कहा- साजिश के तहत सारे आरोप नीतू सिंह ने आगे कहा कि राहुल गांधी तो स्पीकर की ओर इशारा कर रहे थे। स्मृति ईरानी ने ऐसा कैसे मान लिया राहुल गांधी उनके तरफ ही कुछ इशारा कर रहे हैं। स्मृति ईरानी को शर्म आनी चाहिए कि उन्होंने ऐसा आरोप लगाया है। उनको पहले अपना देखना चाहिए कि जो सहेली उनको संरक्षण दी और मदद की, उसके पति को भगाकर शादी कर ली। हमलोगों ने पूरा वीडियो देखा। इसमें फ्लाइंग किस जैसी बात तो नजर नहीं आ रही है। यह सारे आरोप एक साजिश के तरह लगाए गए हैं। सारी बात झूठ है, निराधार है।


मेडिकल क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा ऑफर

विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर

रिक्त पद
(Vacancy)

Date of interview
10/08/2023 to 14/08/2023

- Reception-2 post
- Medical salesman-2post
- Manager-2post. qualification MBA
- Computer knowledge compulsory
- Lab technician-1post (Qualification-DMLT)

Note - Salary in 5 digit

DR. Rajiv Kumar Jha
Vishwamitra Hospital Golamber, Buxar
Director

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services

A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades




Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### 25 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किए गए दो तस्कर

**नावानगर।** सिकरौल पुलिस ने नावानगर-सिकरौल मार्ग पर वाहन जांच के दौरान भावनाथ मंदिर के पास से 25 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही उनका बाइक भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर रोहतास जिला के दावथ थाना अंतर्गत पटखौली गांव के प्रदीप राम एवं चंदन कुमार हैं। जो एक बोरे में 25 लीटर महुआ शराब लेकर बाइक से अपने गांव जा रहे थे। तभी नावानगर -सिकरौल मार्ग पर भावनाथ बाबा मंदिर के पास प्रभारी थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह के द्वारा लगाई गई वाहन जांच अभियान में दोनों पकड़े गए। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान इनकी बाइक पर लदी एक बोरे में से 25 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। जिसे जब्त कर लिया है। दोनों तस्कर पर नामजद एफआईआर दर्ज करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। लगातार गिरफ्तारी के बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं।

### आवास के बाहर बंधे तार पर चादर सुखाने डालने के दौरान हादसा

# डुमरांव थाना के आवासीय परिसर में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, मातम

- गया के बेलागंज निवासी व डुमरांव थाने की मैनेजर मंजू कुमारी का पुत्र था मृतक
- घटना के बाद से ही वह पुत्र शोक में बार-बार हो रही थीं बेहोश



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार की दोपहर डुमरांव थाना के आवासीय परिसर में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। इस घटना के बाद पुलिसकर्मियों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया था। तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गया बेलगांज का रहने वाले सत्येन्द्र चौधरी का 24 वर्षीय पुत्र मोहित चौधरी था। उसकी मां मंजू कुमारी डुमरांव थाने की मैनेजर है। घटना के बाद से ही वह पुत्र शोक में बेसुध हो गई है। वहीं उसके परिजन इस मनहूस खबर को मिलते ही बेलागंज से डुमरांव के लिए चल दिए हैं।

जानकारी के अनुसार मोहित पटना में रह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बुधवार को ही वह पटना से अपनी मां से मिलने आया था। शुक्रवार को दोपहर करीब 1.30 बजे वह अपने आवास के बाहर बंधे तार की रेगनी पर चादर सुखाने के लिए डालना चाहा। संयोग से उस तार पर बिजली का सर्विस तार टूट कर गिरा था। जिसे यह देख नहीं सका तथा चादर डालते ही करंट की चपेट में आ गया। जबतक लोग समझते तथा उसे तार से अलग करते तबतक देर हो चुकी थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। वही डुमरांव थाना की पूरी टीम भी मौके पर मौजूद थी। जबकि मृतक की मां इस घटना के बाद से ही बेहोश हो गई थी। जैसे तैसे कर पुलिसकर्मी शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर ले गए। वही इस घटना के बाद थाना परिसर में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं हो रहा है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इस घटना की पुष्टि की है।

### युवक की संदेहास्पद मौत अपनों पर हत्या का आरोप

**नावानगर।** थाना क्षेत्र के परमानपुर के एक युवक की संदेहास्पद मौत हो गई है। अभी दो तीन महीना पहले ही उसकी शादी स्थानीय थाना क्षेत्र के राजापुर गांव के बड़क साह की पुत्री के साथ हुई थी। बीती रात ही पति पत्नी के बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि उसके पट्टीदार बीच बचाव करने आए थे। आरोप लगाया जा रहा है कि पट्टीदारों की पिटाई से ही उसे गंभीर चोटे आई, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय चंद्रदीप साह के रूप में की गई है। मृतक के परिजन गला मरोड़ हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। वैसे इस घटना को ले कई तरह की चचाएं हो रही थी। कुछ लोगों का कहना था कि पति पत्नी के विवाद की बात सुन उसके ससुर आए थे तथा दोनों को लेकर राजापुर गए थे। फिलहाल पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

## एक नजर

### संगठन व जनता के बल पर बिहार मे बनेगी लोजपा रामविलास की सरकार: अखिलेश




**डुमरांव।** शुक्रवार को बक्सर लोजपा रामविलास का डुमरांव नगरपालिका भवन में पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगठन विस्तार सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथी के तौर पर प्रदेश महासचिव सह बक्सर के सह प्रभारी सुरेश पासवान उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष ने संगठन विस्तार करते हुए अंकित कुमार केशरी को डुमरांव लोजपा रामविलास का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। वही सचिव के तौर पर अखिलेश केशरी व धीरज केशरी को मनोनीत किया। नगर उपाध्यक्ष संदीप केशरी, नारायण गुप्ता को, शेखर वर्मा को महासचिव सचिव के तौर पर रितिक सिंह, राजेश केशरी, बिकास केशरी को मनोनीत किया गया। नगर अध्यक्ष अंकित कुमार केशरी ने प्रदेश महासचिव सुरेश पासवान, जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, डुमराँव नगरपरिषद के चेयरमैन सुमित गुप्ता, उपचेयरमैन बिकास ठाकुर, पूर्व चेयरमैन कमलेश तुरहा, संतोष केशरी, अरूण पासवान व केशरवानी समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र केशरी को अंगवस्त्र, फूल माला व बुके से सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथी सुरेश पासवान ने कहा कि पार्टी का विजन डॉक्यूमेंट बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को घर घर पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बक्सर में संगठन इतना मजबूत है कि हम लोकसभा व विधान सभा चुनाव अकेले लड़ने में सक्षम है। मौके पर अरूण पासवान, संतोष केशरी, मनोज कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, दीपक सिंह, रिंकू पांडेय, दिनु सिंह, अजय पासवान, सुदर्शन राम, शिवजी पासवान, मनोज पासवान, रविन्द्र सिंह, राजेन्द्र केशरी, शशिनाथ कुंवर, धीरज मिश्र, गामा पासवान, राजेश मिश्र, विजय पासवान, शिवजी पासवान, पपु यादव, मुन्ना यादव, दिलीप केशरी, पिन्टू केशरी, कुलदीप पासवान, पपु राय, आलोक तिवारी, सोनु राय, अनिल सिंह, गोल्डी दुबे, शिवजी सिंह, सोनू सिंह, राजेश सिंह, नंदलाल बारी, सुरेन्द्र राम आदि मौजूद थे।

### खरवनिया गांव में बंद घर से चावल चुराते दो चोर गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत खरवनिया गांव के एक बंद घर से चावल चुराने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही गिरफ्तार दोनों चोर के पास से एक क्विंटल चावल भी बरामद कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन दिन पूर्व खरवनिया गांव निवासी नीतू शर्मा के एक बंद घर की खिड़की उखाड़ कर चोरों ने पांच क्विंटल चावल चुरा लिया था। जिसको लेकर गृहस्वामी द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध नावानगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने चोरों की पहचान करने में जुट गए। दो दिनों के प्रयास थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने खरवनिया गांव के गुड्डू सिंह को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पुछताछ की। इस दौरान उसने चोरी की इस घटना में संलिप्तता को स्वीकार करते हुए अपने अन्य साथियों का नाम बताया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने खरवनिया गांव निवासी अनीश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोरों के पास से पुलिस ने चोरी की एक क्विंटल चावल को भी बरामद कर लिया है।

## सिमरी के मिशन मोड़ के पास सड़क हादसे में टमाटर की मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार की देर रात सिमरी थाना क्षेत्र के मिशन मोड़ के पास बाइक दुर्घटना में जहां एक युवक की मौत हो गई है वही दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक इसी थाना क्षेत्र के खंधरा गांव निवासी ललन यादव का 27 वर्षीय पुत्र पवन कुमार यादव उर्फ टमाटर है। जबकि जख्मी युवक उसी गांव का राजू यादव है।

जानकारी के अनुसार दोनों एक ही बाइक पर बैठ सामान की खरीददारी करने सिमरी बाजार आए थे। रात में सिमरी से लौटने के दौरान वे जैसे ही मिशन मोड़ के पास पहुंचे कि अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो सड़क किनारे रखे पाइप से टकरा गई। इस दुर्घटना को दोनों को गंभीर चोटें आई थी। टमाटर का सर फट गया था तथा वह बेहोश हो गया था। आस पास में मौजूद लोगों ने राजू से घरवालों का नंबर लेकर फोन कर घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही तत्काल परिजन घटना स्थल पर दौड़े भागे पहुंचे तथा दोनों को इलाज के लिए लेकर बक्सर गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही राजू की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। जवान बेटे की मौत से उसके माता पिता बेसुध हो गए हैं।

## ब्रह्मपुर के दो सगे भाईयों की दिल्ली में गला रेत हत्या

- रिश्तेदारों पर ही लग रहा हत्या का आरोप, दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार
- ब्रह्मपुर थाना के महुआर पंचायत अंतर्गत चंद्रपुरा गांव के रहने वाले थे दोनों

**केटी न्यूज/डुमरांव**





ब्रह्मपुर के महुआर पंचायत अंतर्गत चंद्रपुरा गांव के दो सगे भाईयों की दिल्ली में गला रेत निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। घटना गुरूवार रात की है। सूत्रों की मानें तो इस घटना को उसके रिश्तेदारों ने ही अंजाम दिया है। वही दिल्ली पुलिस उसे गिरफ्तार भी कर चुकी है। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। परिजनों के नहीं रहने से विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है। मृतक चंद्रपुरा के बबन यादव के पुत्र राजेश यादव 36 वर्ष तथा रंजन यादव 32 वर्ष है। इनमें राजेश दिल्ली में यश बैंक का मैनेजर था जबकि उसका छोटा भाई भी वहीं पर कोई जॉब करता था।

गुरूवार की रात किसी ने दोनों भाईयों का गला रेत उन्हें मौत की नींद सुला दिया। जानकारों का कहना है कि दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि परिजनों से बात नहीं होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार राजेश की दो शादियां हुई थी। आरोप दूसरी पत्नी के भाई पर ही लग रहा है। बहरहाल अभी स्थानीय पुलिस भी इस मामले में कुछ बताने से इंकार कर रही है। वही ग्रामीण सूत्रों की मानें तो बबन यादव के दो पुत्र थे, जिनकी दिल्ली में गला रेत हत्या कर दी गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में जहां कोहराम मच गया वही गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारों का कहना है कि परिजन दिल्ली गए हैं वहां से शव लेकर लौटेंगे उसके बाद ही जानकारी मिल सकती है। केशव टाइम्स टीम द्वारा लगातार मृतक के परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया। लेकिन संवाद संप्रेषण तक उनसे संपर्क नहीं हो सका था।



# गर्व की बात... ब्रह्मपुर के आशीष का इसरो में चयन, बने युवा वैज्ञानिक

♦ ब्रह्मपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष भारत भूषण सिंह के बेटे ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

**केटी न्यूज/बक्सर**

होनहार वीरवान के होत चिकने पात..... इस उक्ति को ब्रह्मपुर के 22 वर्षीय वैज्ञानिक आशीष भूषण ने चरितार्थ कर दिखाया है। उसका चयन इसरो में बतौर वैज्ञानिक हुआ है। दो दिन पहले ही उसने वहां योगदान किया है। बेटे को वहां तक पहुंचाने के लिए पिता सह ब्रह्मपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष भारत भूषण सिंह व मां किरण सिंह वहां पहुंचे थे। अपने पुत्र को इसरो में अनुसंधान करते देख माता पिता फूले नहीं समा रहे हैं तो घर पर मौजूद दादा मारकंडेय सिंह की उम्र खुशी के मारे और बढ़ गई है। इसरो में बतौर वैज्ञानिक चयनित होने वाला आशीष संभवतः जिले का पहला वैज्ञानिक है।




## बचपन में ही वैज्ञानिक बनने की ठान ली थी

2008 में चंद्रयान तथा 2015 में मंगलयान को अंतरिक्ष में जाते देख बचपन में ही आशीष ने वहां तक पहुंचने की ठान ली थी। उसकी प्रारंभिक पढ़ाई पटना के लोयला स्कूल में हुआ था। आशीष ने बताया कि बारहवी के बाद आईआईटी में चयन के लिए परीक्षा दी। मुझे बीएचयू में दाखिला मिल रहा था। लेकिन, मेरा ध्यान तो इसरो की तरफ था। उसी परीक्षा के आधार पर मेरा दाखिला भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी), केरल में हो गया। 22 में गेट निकाला और 23 में अपने लक्ष्य इसरो तक पहुंच गया। उन्होंने युवाओं को सीख देते हुए कहा कि सबसे पहले उन्हें अपना लक्ष्य तय करना चाहिए। तभी आप कुछ बेहतर कर सकते हैं। मेरी इच्छा थी मैं वैज्ञानिक बनू और मैंने वह रास्ता चुना। आज यहां पहुंच गया हूं। सबको यही करना चाहिए। अपनी मंजिल तय कीजिए और सफर शुरू। एक दिन तो पहुंचना ही है। सफलता का श्रेय आशीष अपने दादा मारकंडेय सिंह, मां, पिता और परिजनों को देते हैं। जो उनकी इस सफलता से सबसे ज्यादा खुश हैं। वही उसकी इस सफलता से जिलेवासियों का सिर भी गर्व से ऊंचा हो गया है।

## इटाढ़ी में जीविका दीदियों द्वारा रोजगार सह-मार्गदर्शन मेला आयोजित

# जीविका युवाओं को हुनरमंद बनाने की दिशा में निरंतर सक्रिय : डीएम

**केटी न्यूज/इटाढ़ी**

शुक्रवार को इटाढ़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जीविका दीदियों द्वारा रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल, डीडीसी महेन्द्र पाल एवं बक्सर एवं जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर रोजगार प्रबंधक भोले नाथ पाण्डेय ने कहा कि जीविका ने बदलाव की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। रोजगार की बात हो या स्वरोजगार की सभी कार्यों में जीविका की भूमिका अग्रणी एवं सराहनीय रही है।

डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि जीविका दीदी युवाओं को हुनरमंद बनाने एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर सक्रिय हैं। कहा कि जीविका महिला सशक्तिकरण की एक शानदार मिसाल है। जीविका के कारण बिहार बदलाव की वाहक बन चुकी है। उन्होंने मेले में आए अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग जॉब के लिए आए हैं वह पहले कंपनियों की पूरी जानकारी रखें। इस मौके पर आंध्र प्रदेश में नौकरी कर रही प्रिया ने अपना अनुभव साझा किया।

जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन ने बताया कि बक्सर में 13 हजार एक सौ से ज्यादा समूह से 16 लाख के करीब दीदियां जुड़ी हैं और विभिन्न रोजगार परक गतिविधियों से जुड़कर अपना जीवन बदल रही हैं। 2500 से अधिक युवक-युवतियों को सीधे रूप से रोजगार उपलब्ध कराया गया है। रोजगार मेला में 13 कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कुल 910 युवाओं ने अपना निबंधन करवाया। सीधी भर्ती में कुल 256, डीडीयूजीकेवाय में 56, आरसेटी में 70 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए चुना गया। इस दौरान 256 नियोजित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गए। मौके पर एसडीएम बक्सर, बीडीओ इटाढ़ी सहित जिला स्तरीय प्रबंधकगण एवं प्रखंड स्तरीय अन्य कर्मी भी मौजूद थे।



## जीविका दीदियों ने बांटे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**डुमरांव।** जीविका कार्यालय नया बाजार केसठ में प्रखंड परियोजना प्रबंधक धर्मवीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जल-जीवन- हरियाली योजना के तहत जीविका दीदियों ने शुक्रवार को लोगों के बीच पौधे का वितरण किया। इस दौरान परियोजना प्रबंधक ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधा लगाने व पौधों के संरक्षण के लिए सभी लोगों को जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। कहा कि पर्यावरण बचाव के लिए पौधरोपण जरूरी है। जब तक पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा, तब तक प्राणी सुरक्षित नहीं रहेंगे। इस अवसर एरिया कोऑर्डिनेटर सोनू कुमार, सीसी पुष्पा कुमारी, सीसी धर्मेंद्र कुमार, बलिराम कुमार, वीआरपी कुमारी, वैजंती माला, जावेद अली, मधु कुमारी, प्रियंका, अनीता, बबिता, डिंपल जूही, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सोनवर्षा ओपी क्षेत्र में हथियार के बल पर स्वर्ण व्यवसाई से लूट

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के टीकपोखर गांव के पास एक स्वर्ण व्यवसाई से लूट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें हथियारबंद बाइक सवार अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसाई से आभूषण व नगदी रखे झोला लूटकर भाग निकले हैं।

घटना शुक्रवार की देर शाम 7 बजे की है। बताया जाता है कि पीड़ित व्यवसाई गोल्टू सोनार भोजपुर जिला के जगदीशपुर का निवासी है। जो सोनवर्षा बाजार में कमख्या ज्वेलर्स दुकान का संचालन करता है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी पीड़ित व्यवसाई अपनी दुकान बंद कर अपनी बाइक से आरा-मोहनिया हाइवे के रास्ते अपने घर जगदीशपुर जा रहा था। तभी टीकपोखर गांव के पास बाइक पर सवार अपराधियों ने हथियार के बाल पर उसकी झोला लूट कर भाग गए। सूचना मिलते ही ओपी पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। व्यवसाई के झोले में कितनी रकम व आभूषण थे , इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी के प्रभारी ओपीध्यक्ष ने बताया कि लूट घटना की जांच की जा रही है।









## एचटी तार टूटकर गिरने से रास्ते में बिजली के पोल में दौड़ रहा था करंट

# स्पर्शाघात से किसान की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के आयर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरनांव गांव के लक्ष्मण टोला में शुक्रवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गयी। जिसे घटना के बाद परिजन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृत किसान बरनांव गांव लक्ष्मण टोला निवासी ललन यादव का बेटा डिग्री यादव बताया जा रहा है।

मृतक के चचेरे भाई सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपनी बाकी थी। गत दिनों हुई बारिश के बाद डिग्री यादव धान की रोपनी के सिलसिले में खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में एक बिजली का पोल है, जिससे हाई टेंशन 11 हजार वोल्ट का तार सटे होने के कारण पोल में करंट दौड़ रहा था। इस बीच उनकी हाथ उसी पोल से से सट गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गये। यह देख मौके पर मौजूद बच्चे भागने लगे और शोर मचाने लगे। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस अधिकारी पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है



कि किसान अपने चार भाई और तीन बहन में सबसे छोटे थे।

### 30 जुलाई को किसान की मां की हुई थी मौत

बताया जा रहा है कि किसान डिग्री यादव की मां मंगरी देवी की 30 जुलाई को देहांत हुआ था। आगामी 16 अगस्त को उनका श्राद्धकर्म था। जिसको लेकर घर में उसकी तैयारी चल रही थी। ऐसे में अभी घर के सदस्य उसकी मां के मौत की सदमे से बाहर निकले भी नहीं थे, कि मां के श्राद्धकर्म से पहले ही बेटे की अर्थी घर से उठ गई। डिग्री यादव की मौत के बाद उसकी पत्नी रीता देवी और उसकी बहन उषा देवी रोते-रोते बदहवास हो गई। दोनों बार-बार बेहोश हो जा रही थी। परजिनों के अनुसार डिग्री यादव के परिवार में पत्नी रीता देवी, पुत्र संस्कार और एक पुत्री रोशनी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## 21 अगस्त तक मतदाता सूची में जुड़ेगा नाम : डीएम

**अरवल।** जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने को लेकर घर घर सर्वे का कार्य बीएलओ के द्वारा किया जाना है। जिसकी समय सीमा 21 अगस्त तक की है। दोनों विधान सभा में इस कार्य को हर घर में जाकर किया जाना है। घर घर सर्वे का मूल उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं समावेशी बनाना है। इस कार्य में बीएलओ अपने बूथ अंतर्गत घरों में जाकर नए मतदाता नाम जोड़ने, मृत मतदातानाम विलोपन करने, मतदाता के नाम अथवा अन्य विवरण में सुधार करने का काम करेंगे। गृह सर्वे का कार्य बीएलओ एप से किया जाना है। इस कार्य निगरानी जिला स्तरीय एवम प्रखंड स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारी करेंगे।

## स्वच्छता के कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला में स्वच्छता अभियान में और प्रगति लाने के उद्देश्य से जिला स्वच्छता कार्यक्रम की टीम ने जिले की सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, बीएओ, मनरेगा पीओ, जीविका बीपीएम, प्रखंड समन्वयक स्वच्छता एवं कनीय अभियंता, मनरेगा का स्वच्छता कार्यक्रम पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया।

जिसमें डीएम रिची पांडेय एवं डीडीसी परितोष कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड स्तर पर स्वच्छता के कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए उपरोक्त 11 लोगों की एक समिति प्रखंड स्तर पर बनाई गयी है। इस समिति के कार्य एवं दायित्व से सभी को अवगत कराया गया। स्वच्छता के सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ करने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने अपील किया कि अपने प्रखंड के गांव-गली-नाली को साफ



सुथरा रखने के लिए ग्रामीणों का उत्प्रेरण करें। ताकि बीमारियों का प्रसार न हो। इस कार्य में स्वच्छता कर्मियों को सहयोग करें। जहॉ भी नाली की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, वहॉ सोख्ता बनाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि स्वच्छता की इस व्यवस्था को बनाये रखने के लिए ग्रामीणों के द्वारा स्वच्छता शुल्क का भुगतान जरूरी है। सभी पंचायतों में स्वच्छता कार्यों के बेहतर अनुश्रवण के लिए प्रखंड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सभी सदस्य पदाधिकारियों को एक-एक पंचायत का नोडल पदाधिकारी भी बनाया गया।

## धावा दल ने दो बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त

**अरवल।** श्रम विभाग के धावा दल ने दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया है। श्रम अधीक्षक प्रियंका ने कहा कि नगर थाना क्षेत्र के भदासी में भवानी स्वीट से श्रम संसाधन विभाग के धावा दल द्वारा दो बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया एवं नियोजक पर एफआईआर करने की कार्रवाई की जा रही है। बाल श्रम निषेध एवं विनिमयन अधिनियम के अंतर्गत दोषी नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक के कारावास एवं 20 हजार से 50 हजार रुपए तक जुमार्ने के साथ सजा हो सकती है। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के आलोक में दोषी नियोजक से 20 हजार रुपए की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराया जाएगा। विमुक्त बाल श्रमिक को पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री सहायता कोष से 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। धावा दल में अरवल प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी धीरज कुमार, कुर्था के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं पुलिस बल शामिल थे।









### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर शुरू हुआ अभियान, सहयोगी संस्थाओं ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

# नाइट ब्लड सर्वे: 85 लोगों का लिया सैंपल

**केटी न्यूज/बलिया**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को हनुमानगंज ब्लॉक के रामपुर चिट ग्राम में एक दिवसीय नाइट ब्लड सर्वे में 85 लोगों का सैंपल लिया। सर्वे में शामिल हुए 46 फाइलेरिया रोगियों को रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी ) के बारे में प्रशिक्षण देकर एमएमडीपी किट प्रदान की गई।

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने प्रशिक्षण में बताया कि फाइलेरिया के मरीजों को प्रभावित अंग की अच्छी तरह से साफ-सफाई रखनी चाहिए, जिससे किसी प्रकार के संक्रमण से मरीज प्रभावित न हो फाइलेरिया से बचने के लिए एमडीए अभियान के दौरान दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को दवा का सेवन कराया जायेगा। गर्भवती व गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खानी है। दवा के सेवन से फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है। नाइट ब्लड सर्वे में सहयोगी संस्थाओं ने सैंपल देने के लिए लोगों को एकत्रित कराने में विशेष योगदान दिया।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी यानि माइक्रोफाइलेरिया रात में ही सक्रिय होते हैं। इसलिए नाइट ब्लड सर्वे के लिए बनी टीम लोगों के ब्लड का सैंपल रात में लेती है। उन्होंने बताया कि सर्वे में आए पांच साल से अधिक आयु के सभी लोगों का सैंपल लिया गया । सैंपल लेकर रक्त पट्टिका




बनाई गई हैं। इनसे परजीवी होने या न होने की पुष्टि की जाएगी। इस सर्वे का उद्देश्य फाइलेरिया रोगी मिलने पर उसका तत्काल उपचार शुरू कर जिले में फाइलेरिया के प्रसार को रोकना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आशा कार्यकताओं के जरिये नाइट ब्लड सर्वे कराने के लिए जांच स्थान पर आने के लिए प्रचार-प्रसार किया गया था। इसी क्रम में 85 लोगों ने अपनी जांच कराई। आशा कार्यकर्ता पूनम सिंह, शीला सिंह, सीमा सिंह, शैल कुमारी, सरोज कुमारी, आशा सिंह, विदोतमा सिंह ने लोगों के पंजीकरण में सहयोग किया। इसी क्रम में शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर में कैंप आयोजित कर 30 फाइलेरिया के मरीजों को एम एम डी पी किट (रुग्णता प्रबंधन एवम दिव्यांगता रोकथाम) किट प्रदान की गयी।

## फाइलेरिया के लक्षणों को जानें

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। इसे सामान्यतः हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रभाव से पैरों व हाथों में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और महिलाओं में स्तन में सूजन की समस्या आती है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में फाइलेरिया के 4859 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसील के 654 और लिम्फोडिमा के 4205 मरीज हैं। हाइड्रोसील के 654 मरीजों में से 163 मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। 4205 लिम्फोडिमा के मरीजों में से 2759 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2023 से अब तक नाइट ब्लड सर्वे के दौरान 2882 व्यक्तियों की जांच की गई, जिसमें अब तक 36 माइक्रोफाइलेरिया धनात्मक पाए गए, जिनको उपचारित कर दिया गया। नाइट ब्लड सर्वे में फाइलेरिया इंस्पेक्टर ओम प्रकाश पाण्डेय, मलेरिया इंस्पेक्टर वरुण कुमार, शिव शंकर सिंह, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन, मनु कुमार क्षेत्र सेवक, पाथ संस्था के जिला समन्वयक नितेश कुमार ने सहयोग किया।

**इन लक्षणों को पहचाने :**

- कई दिन तक रुक-रुक कर बुखार आना।
- शरीर में दर्द एव लसिका ग्रंथियों में सूजन।
- हाथ, पैरों व पुरुषों के अंडकोष में सूजन ।
- महिलाओं के स्तन में सूजन, पहले दिन में पैरों में सूजन रहती है और रात में आराम करने पर कम हो जाती है।
- लक्षण 5 से 15 साल में दिख सकते हैं।

**ऐसे करें फाइलेरिया से बचाव:**

- फाइलेरिया से बचाव की दवा का पांच वर्ष लगातार, साल में एक बार सेवन करके बचा जा सकता है।
- लक्षण दिखने पर जांच कराएं।
- फाइलेरिया के मच्छर गंदी जगह पर पनपते हैं। इसलिए मच्छरों से बचाव करें।
- साफ-सफाई रखकर मच्छर से बचने के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- रात में सोते समय मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

## प्रस्तावित पानी टंकी व सीवरेज का चिह्नांकन

**बलिया।** नगर पंचायत बांसडीह में स्वच्छ भारत मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति व सीवरेज निर्माण योजना को लेकर नगर पंचायत व जल निगम की टीम ने कस्बे में सर्वे किया और योजना को धरातल पर लाने की रूपरेखा बनाई। जल निगम के जेई घनश्याम सिंह द्वारा नगर पंचायत में स्वच्छता मिशन द्वारा प्रस्तावित पानी टंकी व सीवरेज की आवृत्ति को भ्रमण के स्थल चिन्हांकन किया गया।

बताया कि नगर पंचायत में एक पानी की टंकी का निर्माण होना है। साथ ही सीवरेज योजना के अंतर्गत पूरे नगर पंचायत को सीवरेज से जोड़ा जायेगा। जिसमें 75 सेमी. की 9 नालियां बनाई जाएंगी जिनके द्वारा पूरे नगर पंचायत की जल निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा। पानी टंकी की स्थापना के लिये जमीन की समस्या सामने आने पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह ने जमीन की व्यवस्था की जिम्मेदारी लेते हुए भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर काफी हद तक रूपरेखा स्पष्ट हो गयी। योजना में सब ठीक रहा तो इसी वर्ष नवंबर दिसंबर तक काम शुरू कर दिया जायेगा। जेइ घनश्याम सिंह ने बताया कि उक्त सीवरेज योजना में समयबद्ध तरीके से बढ़ती आबादी के साथ 2055 तक जल निकासी सुचारू रखने की व्यवस्था को समायोजित किया गया है।

## 24 को व्यापारी लेंगे पंच प्रण की शपथ

**बलिया।** संयुक्त व्यापार समिति रसड़ा की मासिक बैठक गुरूवार की देरशाम स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर अध्यक्ष मोहम्मद युनूस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संरक्षक सुरेश चन्द एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष जहीर इराकी ने आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश और हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा इसके तहत 24 अगस्त को व्यापारी पंच प्रण की शपथ लेंगे।

कहा कि रसड़ा रेलवे स्टेशन से सम्बंधित समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल डीआरएम पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी से मिलकर पत्रक देकर रसड़ा क्षेत्र की रेल सुविधाओं के बहाली की मांग करेगा। महामंत्री विनोद ने कहा कि समिति के गठन का यह 25वां वर्ष है। रजत जयंती वर्ष पर नवम्बर माह में व्यापारिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे जिसमें, मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक बलिया को आमंत्रित किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक उमाशंकर सिंह को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से कृष्ण कुमार गुप्त को उपकोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर सर्वश्री गोपाल जी, मुख्तार अहमद, नूर अली, दीनदयाल शर्मा, अनिल कुमार मद्धेशिया, रिजवान अली, आशुतोष सोनी, शौकत अली आदि उपस्थित रहे।




## 15 अगस्त को लगाने हैं 6.39 लाख पौधे

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार जिला गंगा समिति/ जिला पर्यावरण समिति/ जिला वेटलैंड समिति/ जिला पौधरोपण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें खासतौर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में होने वाले शेष पौधरोपण कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

डीएफओ ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विगत 22 जुलाई को जनपद में 34.61 लाख पौधे रोपित किए गए थे, जबकि जनपद का कुल लक्ष्य 40.99 लाख है। शेष 6.39 लाख पौधों को 15 अगस्त के दिन लगाया जाना है। उन्होंने बताया कि शेष लगाये जाने वाले पौधों का सौ फीसदी उठान हो चुका है। जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देशित किया कि जितने भी स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य हुआ है वहां प्रत्येक विभाग के वृक्षारोपण स्थलवार नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जिससे पौधों की सुरक्षा ,सिंचाई एवं अनुरक्षण कार्यों को नियमित रूप से किया जा सके। पौधारोपण के पश्चात उनकी सफलता सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा ,सिंचाई



तथा समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया कि एक निर्धारित कार्ययोजना बनाकर प्रत्येक ब्लॉक के बीडीओ और रेंज ऑफिसरो के सहयोग से युद्ध स्तर पर कार्य करके वृक्षारोपण कार्य को सफल बनाना है। इसके अलावा ₹हरीतिमा अमृत वन मोबाइल ऐप ₹का प्रयोग कर जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा एडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पिकअप की टक्कर से बछड़े की मौत

बलिया। रसड़ा-मऊ मार्ग के रसड़ा गढ़िया रेलवे क्रासिंग के समीप गुरूवार को गोवंश लदी पिकअप ने सड़क पर घुम रहे बछड़े को टक्कर मार दी। जिससे बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की भनक मिलते ही ग्रामीणों ने गोवंश लदे पिकअप को घेर लिया। ग्रामीणों से घिरते तस्कर गोवंश व पिकअप छोड़कर भाग निकला। गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डा. नरेंद्र की पहल पर रसड़ा कोतवाल प्रवीण सिंह के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया, जबकि आधादर्जन की संख्या में गोवंशों को बछईपुर गोआश्रय केंद्र पहुंचाया। इसके अतिरिक्त पुलिस ने पिकअप चालक व तस्करों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गई।

## मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत मनिया में स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

**बलिया।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 जुलाई को मन की बात के 103 वें संस्करण के दौरान "मेरी माटी मेरा देश" अभियान की घोषणा की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य भारत मां के वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करना है। भारत के प्रधानमंत्री हर साल स्वतंत्रता दिवस के समय पर कोई न कोई कार्यक्रम करते रहते हैं। पिछले वर्ष इनके द्वारा "हर घर तिरंगा अभियान" चलाया गया था।

इन सब अभियानों का उद्देश्य है कि गुलामी मानसिकता को खत्म कर एकता, एक जूटता बनाए रखना। इसी क्रम में प्रज्ञा पब्लिक स्कूल घाटमपुर मनियर पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत एक रैली शुक्रवार को निकाली गई जिसमें बच्चों ने गगन भेदी नारे लगाए ।भारत माता की जय, वंदे मातरम, तिरंगा हमारा जान है, भारत वासियों का शान है आदि रैली को हरी झंडी दिखाकर मनियर थाना प्रभारी मंतोष सिंह ने रवाना किया। बरसात के मौसम के बावजूद भी बच्चों का उत्साह देखने लायक था। बरसात में भीगते हुए बच्चों ने रैली निकाली ।इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रबंधक पराशर मुनिपाल, प्रधानाचार्य अगस्त मुनिपाल, अध्यापक गण चंद्रमा मिश्रा, लल्लन गुप्ता, नीरज कुमार, देवेंद्र वर्मा, गोपाल वर्मा, इंदू मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।









## जिला एवं न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन जारी

# सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा बाधित किया जा रहा जिले का विकास : अजय

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण को लेकर चल रहा संघर्ष शुक्रवार को जिला एवं न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति चंदौली के बैनर तले 28वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सुबह राष्ट्रगान के बाद कचहरी परिसर का भ्रमण कर जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की और जिला न्यायालय के शिलान्यास होने तक आंदोलन को जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया।

इस दौरान महेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी एक महर्षि थे और उनका दिल भी बहुत बड़ा था। चंदौली की धरती में उनकी आत्मा बसती है। कल ही अधिवक्ताओं और स्थानीय जनता ने प्रायश्चित सभा कर क्षमायाचना की और लगता है कि पंडित जी ने हम सभी को और चंदौली को श्रापमुक्त कर दिया। क्षमा कर दिया और उसका परिणाम सामने दिखने भी लगा। कहा कि गुरुवार को ही जिलाधिकारी चंदौली द्वारा मुख्यालय के करीब बिछियां में स्थापित कराने का प्रयास शुरू हो गया है। अजय मौर्या ने कहा कि जिले का विकास सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा बाधित किया जा रहा है। जिले के विकास के लिए जिला न्यायालय व मुख्यालय निर्माण का मुद्दा सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने मामले को विधानसभा में उठाकर जो प्रयास किया गया, वह सराहनीय है। अधिवक्ता समाज उनके इस सहयोग के लिए आभारी है। पूर्व अध्यक्ष शेषबदन सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान में चंदौली जनपदवासियों के सम्मान में न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति जो आंदोलन कर रही किसी दबाव में झुकी नहीं उसके लिए हम सभी अधिवक्ता न्यायालय संघर्ष समिति के आभारी हैं और उनका साथ अंतिम दम तक दिया जाएगा। न्यायालय संघर्ष समिति अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए लड़ रही है। इसलिए हम सभी अधिवक्ता न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति के साथ हैं। इस अवसर पर झन्मेजय सिंह, धनंजय सिंह, सोनू शेख, पूरन यादव, सत्येंद्र बिन्द, संदीप सिंह, बजरंगी सिंह यादव, मुरलीधर सिंह, सत्यप्रकाश केशरी, दिनेश यादव, अमित कुमार त्रिपाठी, अभिनव आनन्द सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, रामसुधार प्रजापति, अफसर अली, पवन दुबे, पवन तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मदन सिंह, संदीप यादव, राजन मौर्य, रामकृत, फिरोज खान, गोकुल प्रसाद आदि उपस्थित रहे। सभा समाप्ति की घोषणा संजीव श्रीवास्तव व संचालन सुजीत सिंह ने किया।

## पीएम मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को मिल रही आर्थिक मदद

चंदौली। गर्भवती महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत जनपद में नए पोर्टल के माध्यम से पहली बार गर्भवती व धात्री महिलाओं को पांच हजार रुपए एवं दूसरी बार महिला को लड़की पैदा होने पर छह हजार रुपए का लाभ दिया जायेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय ने दी। सीएमओ डा.वाईके राय ने बताया कि मातृ वंदना योजना 2.0 के नए पोर्टल पर पंजीकरण कार्य शुरू हो गया है। अधिशासी निदेशक सिफ्सा व मिशन निदेशक एनएचएम द्वारा भेजे गये पत्र में जानकारी दिया है कि नए पोर्टल पर पहली बार मां बनने वाली गर्भवती व धात्री महिलाओं को दो किश्तों में पांच हजार एवं दूसरा बच्चा लड़की पैदा होने पर छह हजार रुपए एकमुश्त की आर्थिक सहायता राशि सरकार के द्वारा दी जायेगी। उन्होनें अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि पीएमएमवीवाई के नए पोर्टल पर योजना से सम्बन्धित लाभार्थियों का शत प्रतिशत पंजीकरण विशेष अभियान चलाकर कराया जाये तथा कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना से वंचित न रहे।

## एक नजर

### गाजीपुर जिलाधिकारी ने पंच प्रण की दिलाई शपथ, किया कार्यक्रम का शुभांरभ

**गाजीपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव योजना के समापन समारोह में मेरी माटी, मेरा देश के अन्तर्गत शुक्रवार को विकास खंड जमानियां के ग्राम पंचायत ढ़ढनी में जिलाधिकारी आर्यका अखौनी ने दीप प्रज्जवलित कर पंच प्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर शहीदों के खून से सिंचित गांव की मिट्टी को अमृत कलश में अर्पित किया। जिलाधिकारी द्वारा एकत्रित ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई तथा लोगों ने उत्साह व उमंगपूर्वक मेरी माटी, मेरा देश बेवसाइट पर अपलोड करने तथा आनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अपील की। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस गांव की चर्चा बहुत हो रही है। इस गांव का अमृत सरोवर का कार्य कराया गया है। गांव के प्रधान द्वारा अच्छा कार्य किया गया है, जो सराहनीय है। मेरी माटी मेरा देश विशेष कार्यक्रम में इस गॉव के प्रधान द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य चल रहा है। समस्त विकास खंडों में सभी प्रधानों से अपील किया कि ऐसे इस अमृत सरोवर का निर्माण करें एवं मेरी माटी मेरा देश व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होने कहा कि हम सब अपनी भूमिका में अपने देश के लिए अपने गांव के लिए हमें सेवा करनी चाहिए। हम इस गांव में आये बहुत ही हर्ष की बात है। यह देखकर गर्व होता है कि जो हमारे पूर्वज जान न्यौछावर करते हुए स्वतंत्रता की लड़ाई में देश को बचाने के लिए डटकर सामना किया। उसी क्रम में हमारे जनपद गाजीपुर का बहुत बड़ा योगदान रहा है। हम लोग मिट्टी को नमन कर रहे है और वीरो को नमन कर रहे है। हम उन्हें याद कर रहे हैं, जिन्होंने अपना आज हमारे कल के लिए न्योछावर किया है।

### अभियान चलाकर कराएं पौधरोपण : डीएम

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आगामी 15 अगस्त को अभियान चला कर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने सभी संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप 15 अगस्त को पौधों को रोपित करने संबंधित तैयारी जैसे स्थल का चयन, पौधों की उठान एवं जियो टैगिंग से संबंधित विभागवार समीक्षा किया और सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग की तैयारियों से संतुष्ट न होने पर उप निदेशक कृषि को तैयारियों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग, उद्यान विभाग और युवा कल्याण विभाग को भी रिव्यू करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने लगाए गए पौधों की यथाशीघ्र शत प्रतिशत जियो टैगिंग करने के कड़े दिशा निर्देश दिए। कहा कि सभी विभाग आगामी 4-5 दिनों में अपनी जियो टैगिंग अवश्य पूर्ण कर लें। जिलाधिकारी ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा के संबंध में भी निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी लगाए गए पौधों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि जिस विभाग ने जितने पौधे लगाए हैं उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। डीएफओ रणवीर मिश्रा ने बताया कि 980820 पौधे 48 विभागों को आवंटित किए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों से गणना पंजिका बनाने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर को पौधों की पहली और 30 जून 2024 को दूसरी गणना की जाएगी।डीएफओ द्वारा जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति के कार्यों के बारे में संक्षिप्त रूप से अवगत कराया गया।



## किसान मंच ने माइनर की बदहाल दशा के लिए सिंचाई विभाग को ठहराया दोषी

**केटी न्यूज/चंदौली**

किसान विकास मंच के कार्यकताओं ने जनकपुर माइनर की बदहाल हालत को देखा। जगह-जगह झाड़ झंकार से पटी माइनर को देखकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दोषी ठहराया। लतीफशाह बांध से संचालित होने वाली जनकपुर माइनर में अबकी बार धान की नर्सरी डालने से लेकर रोपाई तक कदापि पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। अवर्षण की स्थिति में माइनर से भी पानी की आपूर्ति न होने से किसानों की धान की रोपाई तक नहीं हो पाई है।

किसानों का आरोप है कि राइट कर्मनाशा नहर की अपेक्षा जनकपुर माइनर का लेवल काफी ऊंचा है, जिससे सबसे पहले जनकपुर माइनर में पानी छोड़ा जाता रहा है तब जाकर किसानों के टेल तक पानी पहुंचता रहा है। अबकी बार पहले राइट कर्मनाशा नहर को चालू कर दिया गया जिससे जनकपुर माइनर से जुड़े 22 गांवों के किसानों को एक बूंद भी पानी नहीं मिल पाई है। पूरा माइनर झाड़ झंकार से पटी हुई है और कई जगह होल बन जाने के कारण माइनर की हालत काफी दयनीय हो गई है। धान रोपाई में देरी होने से किसानों के समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न होने का खतरा मंडराने लगा है। कार्यकताओं ने मांग किया है कि जिस जगह माइनर टूट रही है वहां बालू की बोरियां लगाने से समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। बल्कि वहां ह्यूम पाइप लगाकर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

## नए अस्पताल में पर्ची काउंटर का हुआ शुभारंभ

**गाजीपुर।** महर्षि विश्वामित्र स्वशासीय मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. आनंद मिश्रा ने बताया कि मरीजों के परेशानियों को देखते हुए नए अस्पताल में पर्ची काउंटर का शुभारंभ किया गया है। अब मरीज नए पर्ची काउंटर से पर्ची कटाकर तत्काल अपने चिकित्सक से इलाज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर नए अस्पताल में ही दवा वितरण का शुभारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मेडिकल कालेज में अभी तक नए सत्र के लिए 82 छात्र-छात्राओं का एडमिशन हो गया है। उनका शिक्षण कार्य एक सितंबर से शुरू हो जाएगा।

## डीडीयू स्टेशन पर वेंटडर तौल रहा था कम वजन, लाइसेंस रद्द

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**


देश के प्रमुख रेलवे स्टेशन पीडीडीयू जंक्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जहां एक यात्री ने स्टेशन पर अमरूद बेच रहे वेंडर को घटतौली करते पकड़ लिया और यात्री द्वारा चोरी पकड़ने जाने पर वेंडर ने दोनो कान पकड़कर माफी मांगी। घटना के बाद से चर्चा का बाजार गर्म है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर प्रतिदिन बीस हजार से अधिक यात्रियों ट्रेनों में सवार होते हैं और उतरते हैं। इसके साथ ही स्टेशन से गुजरने वाली 110 से अधिक ट्रेनों से एक लाख से अधिक यात्री प्रतिदिन पीडीडीयू जंक्शन से होकर गुजरते हैं। यात्रियों को खाने पीने का सामान उपलब्ध कराने के लिए स्टेशन पर खान पान स्टाल स्थापित है।



इसके साथ ही यहां फलों की बिक्री की जाती है। यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर स्टालों पर ओवरचार्जिंग का खेल हो रहा है। यही नहीं फल विक्रेता बाजार से कम कीमत पर फल बेच रहे हैं। इसकी आड़ में वे घटतौली कर रहे हैं। यहां तक कि एक किलो के बदले आधा किलो सामान दे रहे हैं। इसको लेकर कई बार कार्रवाई भी हुई लेकिन वेंडरों के व्यवहार में सुधार नहीं आया। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हो रहा है। नंद कुमार तिवारी नाम के यात्री ने अपने फेसबुक पेज पर वीडियो पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने स्टेशन के एक वेंडर के घटतौली का खुलासा किया है। वेंडर एक किलो का दाम लेकर यात्री को आधा किलो ही अमरूद दे रहा था। हालांकि चोरी पकड़ी जाने पर वह आगे से ऐसा न करने और कान पकड़कर माफी भी मांगा। इसको लेकर एक बार फिर स्टेशन पर घटतौली का मामला गर्म हो गया है।

**दोषी वेंडर नहीं बेच पाएगा सामान :** मंडल वाणिज्य प्रबंधक और जनसपंर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि घटतौली करने वाले वेंडर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वेंडर का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। वो कभी भी स्टेशन पर कोई सामान नहीं बेच पाएगा।






### बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई मामले की सुनवाई

# निधि के दुरुपयोग व शस्त्र संस्तुति के मामले में हुई मुख्तार अंसारी की पेशी

केटी न्यूज/मऊ

पांच बार विधायक रहे चुके माफिया मुख्तार अंसारी की शुक्रवार को दो मामलों में कोर्ट में हुई। दीवानी न्यायालय के एमपी/एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को माफिया मुख्तार अंसारी का विधायक निधि दुरुपयोग और शस्त्र लाइसेंस संस्तुति के मामले में सुनवाई हुई। पिछले सप्ताह पेशी के दौरान गवाहों की अनुपस्थिति के बाद मुख्तार अंसारी के दो मामलों में कोर्ट ने शुक्रवार की तारीख दी थी।

एमपी/एमएलए कोर्ट में फिया मुख्तार अंसारी की पेशी बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। कोर्ट में माफिया मुख्तार अंसारी की थाना दक्षिण टोला और थाना सराय लखंसी में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में सुनवाई हुई। इनमें शहर के थाना सराय लखंसी से विधायक निधि दुरुपयोग



का मामला और थाना दक्षिण टोला से शस्त्र लाइसेंस संस्तुति का मामला शामिल है। वहीं, मुख्तार अंसारी पर विधायक निधि के दुरुपयोग को लेकर थाना सराय लखंसी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मऊ के सदर विधानसभा सीट से विधायक रहते हुए मुख?तार अंसारी ने अपनी विधायक निधि से एक विद्यालय निर्माण के लिए प्रबंधक को 25 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि विद्यालय का निर्माण नहीं कराया गया। जिसमें विवेचना के बाद पुलिस ने सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। इस मुकदमे का ट्रायल मऊ के एमपी/एमएलए कोर्ट में किया जा रहा है।

**लेटर पैड पर आधा दर्जन लोगों के लिए शस्त्र लाइसेंस के लिए की संस्तुति :** विधायक रहते मुख्तार अंसारी ने अपने लेटर पैड पर आधा दर्जन लोगों को शस्त्र लाइसेंस के लिए अपनी संस्तुति दी थी। जांच के दौरान सभी का पता फर्जी पाया गया था। इस मामले में मुख्तार अंसारी सहित सभी लोगों के विरुद्ध थाना दक्षिणटोला में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। बाद में पुलिस ने सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इस प्रकार से कुल 2 मामलों में आज माफिया मुख्तार अंसारी की पेशी की जाएगी।

## माफिया रमेश सिंह की संपत्ति कुर्क

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार के आदेश पर माफिया रमेश सिंह उर्फ काका की लाखों की संपत्ति को पुलिस ने कुर्क की गई। जनपद के बड़े माफियाओं में एक नाम रमेश सिंह काका का भी शामिल है। सीओ अभय प्रताप सिंह के साथ एसडीएम सदर आनंद कुमार कनौजिया और भारी पुलिस फोर्स ने कैथोली गांव पहुंचकर एक इंटरलॉकिंग ईंट कारखाने को कुर्क किया है। माफिया तथा आईआर गैंग-212 के सरगना रमेश सिंह उर्फ काका ने अपराध व अवैध गतिविधियों से अर्जित धन द्वारा अपने मकान के पीछे संचालित इंटरलॉकिंग ईंट बनाने का कारखाना बनवाया है। जिसके तहत कारखाने में मौजूद लगभग 2 हजार इंटरलॉकिंग ईंट को जब्त किया है। बताया जाता है कि माफिया रमेश सिंह काका मऊ जनपद के बड़े अपराधियों में से एक है।

## 24 दुकानों के सैंपल की हुई जांच

**मऊ।** खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन के तत्वाधान में शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के खुरहट बाजार एवं मोहम्मदाबाद गोहना स्थित शहीद चौराहे पर जागरूकता अभियान के क्रम में लखनऊ से आई मोबाइल टेस्टिंग लाइव सचल वाहन की टीम द्वारा कस्बे के कुल 24 मिठाई की दुकान एवं किराना स्टोर की दुकानों से विभिन्न सैंपल लेकर उनका परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 19 नमूना पास हुए जबकि 6 नमूने फेल पाए गए। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना बिंदु पांडे एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मऊ अमित कुमार राना ने व्यापारियों को एक बार सुधारने का मौका दिया। उन्हें बताया कि कोई भी सामान मिलावटी ना बेचे, शुद्धता एवं सफाई पर विशेष ध्यान दें। जिससे आपका व्यापार भी प्रगति पर रहेगा।

## डीएम ने स्थापित कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी का किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विधानसभा उप निर्वाचन-2023 के तहत जनपद के घोसी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर के भूतल स्थित सभागार में स्थापित कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्र घोसी के उप निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित कंट्रोल रूम का नंबर क्रमशः 0547-2990901 तथा 0547-2221565 है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में चुनाव से संबंधित अब तक प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों एवं सुझावो का



रजिस्टर में अंकन करने एवं शिकायतों के निस्तारण के संबंध में तत्काल समस्त आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एमसीएमसी के कार्यों का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सोशल मीडिया एवं न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले खबरों पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए।

## 16 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन

**मऊ।** सेवा योजना अधिकारी ने बताया कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से 16 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन राऔप्र संस्थान सहादतपुरा मऊ के परिसर में किया जा रहा है। जिसमें शिवशक्ति बायो टेक्नोलाजी प्रलि, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एंड आयुर्वेदिक प्रालि, महामाया गार्मेन्टस प्रालि, गोल्ड माइन्स इंडिया प्रालि एवं कैरियर विजार्ड आदि 5 से अधिक कम्पनियों द्वारा अपनी 650 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करने की सम्भावना है। कंपनियों ने अपनी रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्रदान करने की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। जिसमें हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नाकोत्तर, आईटीआई व डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।





